FAMILY WELFARE (SMT. D.K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) and (b) Yes, Sir. So far a sum of Rs. 31.30 lakhs has been allocated to the State of Karnataka for the development of Minto Regional Institute of Ophtholmology, Bangalore.

Malpractices and Irregularities in the Purchase and Distribution of Medicines/ Drugs in Government Hospitals

3398. SHRI K.R. JAYADEVAPPA:
SHRI GUNDAPPA KORWAR:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that large scale malpractices and irregularities in the purchase and distribution of medicines/drugs to patients is prevailing in Government hospitals in Delhi and elsewhere in the country;

(b) if so, the details thereof and the names of such hospitals; and

(c) the steps taken to curb such activities?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SMT. D.K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) to (c) No large scale malpractices and irregularities in the purchase and distribution of medicines/drugs to patients in Government Hospitals in Delhi have been reported.

चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था

3399. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश की कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत चिकित्सा सुविधाओं तक अपनी पहुंच रखता है;

(ख) क्या यह सच है कि इस मामले में हमारा देश श्रीलंका से काफी पिछड़ा हुआ है;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और उसके क्या कारण हैं; और

(घ) देश में बड़ी संख्या में लोगों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने क्या प्रयास किये हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ): (क) विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित क्षेत्रीय स्वास्थ्य सूचना 1988-90 के बुलेटिन के अनुसार भारत के संबंध में स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा कवर की गई जनसंख्या का प्रतिशत 100 है, तथा श्रीलंका के मामले में 90 प्रतिशत है।

(ख) और (ग) ये प्रश्न नहीं उठते।

(घ) स्वास्थ्य भारतीय संविधान के अंतर्गत राज्य का विषय है तथा राज्य लोगों की निवारात्मक, संवर्धक तथा उपचारात्मक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक सुविधाएं 1.38 लाख उपकेन्द्रों 23,000 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 2,000 सामुदायिक केन्द्रों के रूप में ग्रामीण स्वास्थ्य आधारभूत ढांचे के एक नेटवर्क के जरिए पहुंचाई गई हैं।

शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं केन्द्र/राज्य सरकारों द्वारा उप-प्रभागीय/जिला अस्पतालों/ राज्य अस्पतालों/मेडिकल कालेजों-अस्पतालों तथा स्वैच्छिक/प्राइवेट संगठनों द्वारा चलाई जाने वाली संस्थाओं के माध्यम से दी जाती है, इसके अलावा केन्द्र ने संचारी/गैर-संचारी रोगों का उन्मूलन/नियंत्रण करने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू करके संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित करना शुरू कर दिया है। परिवार कल्याण कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जा रहा है।

देश में मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर

3400. **मौलाना औबैदुल्ला खान आजमी:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर जापान, दक्षिण कोरिया, चीन